**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सुंदर वस्त्र और प्रिंट कृतियों की बिखरी छटा

पन्तनगर। 29 मई 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'विवृद्धि–2023 तथा वस्त्र एवं परिधान विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'सीटी – संकलन का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. संदीप अरोड़ा, अधिष्ठात्री गृह विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल तथा निदेशक निर्माण एवं संयत्र डा. ज्योति प्रसाद उपस्थित रहे।

प्रसार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी विवृद्धि–2023 में विभाग के चतुर्थ वर्ष के स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम हैण्डस ऑन ट्रेनिंग इन प्रिंट एण्ड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन के अन्तर्गत प्राप्त विभिन्न ग्राफिक डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर द्वारा डिजाइन विभिन्न प्रकार के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पब्लिसिटी कृतियां जैसे पोस्टर, फ्लायर, ब्रोशर, बुकलेट, लीफलेट, पंपलेट प्रदर्शित किये गये। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा डिजाइन किये गये मोटीवेशनल एवं जापानी एनिमे सम्बंधी पोस्टर विक्रय हेतु रखे गये। प्रदर्शनी हेतु छात्राओं द्वारा वर्क लाइफ बैलेंस विषय पर ड्रामा, जी–20 पर इंटरव्यू, इंटरव्यू में कैसे उपस्थिति हो विषय पर डिमॉन्सट्रेशन, गृह विज्ञान महाविद्यालय पर डॉक्यूमेंट्री एवं विज्ञापन प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं, वस्त्र एवं परिधान विभाग ने प्रदर्शनी में सस्टेनेबल डिजाइनर डेनिम बैग, पारंपरिक विधाओं पर आधारित कुशन कवर सेट, टाई व डाई तथा स्क्रीन प्रिंटिंग तकनीकों द्वारा तैयार दीवान सेट, कशीदा की सजावटी सामग्री तथा विभिन्न आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के सामान्य व पारंपरिक परिधान प्रदर्शित किये गये एवं विक्रय हेतु रखे गये जिनकी सभी आगन्तुकों द्वारा सराहना की गई।

मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन चौहान ने कहा की गृह विज्ञान महाविद्यालय सदा से ही अपनी अद्भुत रचना एवं प्रतिभा से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाता रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उत्पादों में विश्वविद्यालय टेग एवं मार्केटिंग के गुर के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की।

अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में सीखे गये कलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में उपयोग कर अपना करियर का विकास करने के लिए प्रेरित किया। स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के छात्रों द्वारा बनाए गए वस्त्र एवं प्रिंट कृतियों की सभी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम की समन्वयक डा. अनीता रानी, प्रोफेसर, वस्त्र एवं परिधान विभाग, डा. साक्षी कपूर, असिस्टेंट प्रोफेसर, वस्त्र एवं प्रबंधन विभाग, डा. अनुपमा पांडे, प्रभारी, प्रसार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग, डा. पूजा टम्टा, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रसार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग उपस्थित थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतिम वर्ष के स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के छात्रों का भी योगदान रहा है।




*कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गये परिधानों के बारे में जानकारी लेते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*